भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5596

(06.04.2022 को उत्तर के लिए)

प्रगति परियोजनाएं

5596. एडवोकेट डीन कुरियाकोस :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास'प्रगति'परियोजना के अंतर्गत निगरानी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास उक्त योजना के अंतर्गत केरल राज्य में निगरानी की जा रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनकी क्या स्थिति है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय एवं राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री का कार्यालय
(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ) : प्रगति (प्रोएक्टिव गवर्नेंस तथा समयबद्ध कार्यान्वयन) एक आईटी आधारित बहुद्देशीय तथा मल्टी मॉडल इंटरेक्टिव प्लेटफार्म है जिसका उद्देश्य भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं/कार्यक्रमों और परियोजनाओं के साथ ही राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन और वांछित परिणाम हेतु समीक्षा करना है । प्रगति प्लेटफार्म पर समीक्षित परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-।** पर संलग्न है । प्रगति के अंतर्गत समीक्षित केरल की 5 परियोजनाओं के ब्योरे **अनुबंध-।।** पर हैं ।

*****

प्रगति के अंतर्गत समीक्षित परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा

प्रमुख राज्य*	परियोजनाएं
ओडिशा	32
महाराष्ट्र	24
उत्तर प्रदेश	21
बिहार	19
झारखंड	16
कर्नाटक	15
गुजरात	14
छत्तीसगढ़	14
मध्य प्रदेश	13
आंध्रप्रदेश	13
तमिलनाडु	12
पश्चिम बंगाल	12
राजस्थान	9
उत्तराखंड	9
हिमाचल प्रदेश	8
जम्मू और कश्मीर	7
हरियाणा	5
तेलंगाना	5
केरल	5
दिल्ली	4
असम	4
सिक्किम	4
अरुणाचल प्रदेश	4
मेघालय	3
पंजाब	3
त्रिपुरा	2
मिजोरम	2
मणिपुर	2
नागालैंड	1
गोवा	1

*बहु-राज्यीय परियोजनाओं के मामले में प्रमुख राज्य पर विचार किया जाता है ।

अनुबंध-II

प्रगति के अंतर्गत समीक्षित केरल की परियोजनाओं के ब्योरे

क्रम सं.	परियोजना का नाम
1.	कासरगोड जिले में 200 मेगावाट की सोलर पार्क परियोजना
2.	पेरुमनूर, कोच्ची- 682015 में मौजूदा कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड परिसर में नए ड्राई डाक का निर्माण
3.	दक्षिणी क्षेत्र सुदृढ़ीकरण स्कीम - XIII और XIV
4.	कोयम्बटूर से होकर कोच्ची से इरोड और सलेम तक बीपीसीएल एलपीजी पाइपलाइन
5.	गेल कोच्ची - कूट्टनाड-बेंगलुरू-मंगलोर पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल)